# Government Tulsi College Anooppur, M.P.

(Aff. to Awadhesh Pratap Singh University, Rewa, M.P.)

## Department of Economics

अर्थशास्त्र
विभाग

## Fifth Student's Classroom Seminar

### Organized by Economic Council

(14 Feb. 2024)

**Official page of the department-**

**Workspace-** economics@gtcanuppur.ac.in

**Youtube New Channel Link-**
https://www.youtube.com/@tulsigyandhara1016

**New Blog Page Page-**
https://tulsigyandhara.blogspot.com/2024/02/blog-post_16.html

**Old Blog Page-**
https://shabdvimarsh.blogspot.com/2024/01/blog-post_4.html

# Government Tulsi College Anooppur, M.P.

(Aff. to Awadhesh Pratap Singh University, Rewa, M.P.)

## Department of Economics

## Fifth Student's Classroom Seminar
## Organized by Economic Council

## आर्थिक परिषद द्वारा पंचम स्टूडेंट क्लासरूम सेमिनार का आयोजन


*शीर्षक – "मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था की समीक्षा एवं विश्लेषण "*

दिनांक 14 फरवरी 2024 बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर शासकीय तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.के. संत के संरक्षण एवं अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.अमित भूषण द्विवेदी के मार्गदर्शन में आर्थिक परिषद,अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा 'पंचम आर्थिक परिषद स्टूडेंट क्लासरूम सेमिनार' का आयोजन मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था: समीक्षा एवं विश्लेषण शीर्षक पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जे.के. संत द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ.देवेंद्र सिंह बागरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के नोडल श्री विनोद कुमार कोल व डॉ.गीतेश्वरी पांडेय (सहा. प्रा. एवम विभागाध्यक्ष, गणित विभाग)उपस्थित रहे।

इस सेमिनार का संयोजन परिषद के सक्रिय विद्यार्थियों मेघा वर्मा,खुशी मानिकपुरी, गंगोत्री राठौर, गंगोत्री सिंह तथा अन्यों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.के.संत के द्वारा दीप प्रज्ववल्लन के साथ आरम्भ हुआ। दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात आशीष तथा वंशिका के द्वारा माता सरस्वती की प्रार्थना किया गया। परिषद के विद्यार्थियों के द्वारा प्राचार्य महोदय सहित इस अवसर पर पधारें समस्त अतिथियों डॉ. देवेंद्र सिंह बाग़री(IQAC समन्वयक), डॉ. गीतेश्वरी पांडेय(विभागाध्यक्ष गणित), श्री ज्ञानप्रकाश पांडेय(विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र), श्री कमलेश चावले(विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र), सुश्री पूनम धांडे(विभागाध्यक्ष इतिहास), श्री विनोद कुमार कोल(सहा.प्रा.समाजशास्त्र) , श्री अजय राज सिंह राठौर(सहा. प्रा. एवम विभागाध्यक्ष, प्राणिशास्त्र विभाग) सहित डॉ. श्वेता श्रीवास्तव, डॉ. तरन्नुम सरवत, डॉ. योगेश तिवारी, डॉ. रेखा वर्मा,सुश्री प्रज्ञा तिवारी, श्री सूरज पारवानी, श्री दिवाकर प्रसाद शर्मा का बैज लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य तथा आर्थिक परिषद के संरक्षक डॉ. जे.के.संत स्वागत व्यक्तव्य के द्वारा विद्यार्थियों के प्रयासों हेतु हौसला वर्धन किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों के द्वारा मध्यप्रदेश के अर्थव्यवस्था से सबंधित विविध पहलुओं जैसे कि अर्थव्यवस्था की दशा, अर्थव्यवस्था की विशेषता, कृषि,उद्योग,पर्यावरण, कनेक्टिविटी,निवेश,पर्यटन आदि पर लगभग 12 पेपर प्रस्तुत किये। पेपर प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों में जानकी,दुर्गा,पूजा,गंगोत्री राठौर,गंगोत्री सिंह,हेमलता आदि प्रमुख रहे। सेमिनार का संचालन मेघा वर्मा के द्वारा किया गया। सेमिनार के समापन सत्र में डॉ. स्वेता श्रीवास्तव, प्रज्ञा मैडम,भावना मैडम,डॉ. योगेश तिवारी, डॉ. तरन्नुम सरवत ने अपने वक्तव्य के माध्यम से विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना तथा हौसला वर्धन के साथ उन त्रुटियों को भी रेखांकित किया गया जिनसे आगे चलकर और उपयोगी,प्रभावी,ज्ञानवर्धक स्टूडेंट सेमिनारों का आयोजन हो सके। कार्यक्रम के अंत मे कार्यक्रम की समीक्षा आर्थिक परिषद के समन्वयक डॉ. अमित भूषण के द्वारा तथा आभार ज्ञापन आर्थिक परिषद के सचिव प्रीति वैश्य के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संतोषजनक संख्या में आर्थिक परिषद के विद्यार्थियों, तथा अन्य छात्र-छात्राओं की उपस्थिति देखी गई।

## Event brochure and poster







## Inauguration of The program with the worship of Goddess Saraswati.





## Welcome statement by Dr. J.K.Sant, Principal and Patron of the Economic Council








**Students welcomed the guests by wearing their badges.**









**Vote of thanks by Preeti Vaishya, Secretary of the Economic Council**




e-News

भूमिका भास्कर

www.bhumikabhaskar.com

E-Paper

शुक्रवार, 16 फरवरी 2024

# बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में आर्थिक परिषद के विद्यार्थियों द्वारा क्लासरूम सेमिनार का आयोजन

भूमिका संवाददाता, अनूपपुर

अनूपपुर-दिनांक 14 फरवरी 2024 को शासकीय तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.के. संत के संरक्षण एवं अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.अमित भूषण द्विवेदी के मार्गदर्शन में आर्थिक परिषद के विद्यार्थियों द्वारा पंचम स्टूडेंट क्लासरूम सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जे.के. संत द्वारा की गई । मुख्य अतिथि के रूप में आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ.देवेंद्र सिंह बागरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के नोडल श्री विनोद कुमार कोल व डॉ.गीतेश्वरी पांडेय (विभागाध्यक्ष गणित ) सहा. प्राध्यापक श्री अजय राज सिंह राठौर, श्री



कमलेश चावले, श्री ज्ञान प्रकाश पांडेय, सुश्री पूनम धाण्डे, सहित डॉ.श्वेता श्रीवास्तव, डॉ. तरन्नुम सरवत, डॉ. योगेश तिवारी, डॉ. रेखा वर्मा,सुश्री प्रज्ञा तिवारी, श्री सूरज पारवानी, श्री दिवाकर प्रसाद शर्मा उपस्थित रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से किया गया। आर्थिक परिषद के विद्यार्थियों द्वारा इस सत्र का यह ऐसा दूसरा क्लासरूम सेमिनार था, जिसका आयोजन पूरी तरह से विद्यार्थियों के द्वारा किया गया । सेमिनार का विषय मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था की समीक्षा था ; जिसमें बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने सेमिनार हेतु ब्रोसर, बैनर, पोस्टर आदि के निर्माण सहित पेपर लेखन एवं प्रेजेंटेशन किया । गंगोत्री राठौर, गंगोत्री सिंह, जानकी देवी रैदास, दुर्गा तिवारी ने मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था के प्रमुख बिंदुओं पर अपने पेपर प्रस्तुत किया ।कार्यक्रम का संचालन बीए प्रथम वर्ष की ही छात्रा मेघा वर्मा द्वारा किया गया। अंत में आर्थिक परिषद की सचिव श्रीमती प्रीति वैश्य ने कार्यक्रम की सफलता हेतु विद्यार्थियों को शुभकामनाओं के साथ ,आमंत्रित अतिथियों सहित समस्त महाविद्यालय परिवार को आभार व्यक्त किया।

**Facebook link:-**

https://www.facebook.com/share/r/Kc9v5UiUdbo6rFHd/?mibextid=D5vuiz

**Blog page Link:-**

http://tulsigyandhara.blogspot.com/2024/02/blog-post_16.html